# University in News on 06 July 2024

## HINDUSTAN PAGE 6

### प्रश्न बैंक बनाने का कार्य लगभग पूरा, छात्रों पर दबाव कम होगा

# एलयू में छात्र अब कभी भी दे सकेंगे बैक पेपर परीक्षा

**प्रस्ताव**

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में अब कभी भी बैक पेपर परीक्षा दे सकेंगे। छात्रों को विषम या सम सेमेस्टर परीक्षा का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इस संबंध में रूपरेखा तय कर ली गई है। प्रश्न बैंक भी लगभग बन गया है। आगामी सत्र से इसे लागू करने की तैयारी है। जिसके लिए प्रस्ताव एकेडमिक काउंसिल और कार्य परिषद की बैठक में रखा जाएगा। जहां से मंजूरी मिलने के बाद इसे लागू किया जा सकेगा।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि अभी किसी विद्यार्थी का यदि सम सेमेस्टर में बैक पेपर लगता है तो वह अगले सम सेमेस्टर में ही बैक पेपर परीक्षा दे सकता है। यही प्रक्रिया विषम सेमेस्टर के लिए भी लागू है। ऐसे में छात्रों को लगभग 10-12 महीने का इंतजार करना पड़ता है।

कुलपति का कहना है कि इस प्रावधान के कारण सबसे बड़ी समस्या अंतिम सेमेस्टर के छात्रों को होती है। क्योंकि उनका एक वर्ष बर्बाद हो जाता है। जिसे देखते हुए विश्वविद्यालय इसे लागू करने की योजना बना रहा है। इस बाबत कुलपति प्रो. आलोक राय ने बताया कि इसके लिए प्रश्न बैंक पर कार्य चल रहा है। आने वाले कुछ दिनों में प्रश्न बैंक बनकर तैयार हो जाएगा। इसके बाद जरूरी विधायिका से संस्तुति प्राप्त कर इसे लागू किया जाएगा। जाहिर है कि इससे बड़ी संख्या में छात्र और छात्राओं को राहत मिलेगी और परीक्षा देना आसान होगा।



**10** से 12 माह का इंतजार करना पड़ता है अभी

- आगामी सत्र से इसे लागू करने की तैयारी विवि में
- कार्य परिषद से मंजूरी मिलने के बाद होगा लागू

### एकेटीयू में इसी सत्र से लागू होगी व्यवस्था



डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में इसी सत्र 2024-25 से हर सप्ताह बैक पेपर यानी कैरीओवर परीक्षा देने का प्रावधान लागू किया जा सकेगा। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय का कहना है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में पाठ्यक्रम और परीक्षा को सरल बनाने का प्रावधान है। इसके तहत अब हर रविवार को कैरी ओवर परीक्षा का आयोजन किया जा सकेगा। इससे विद्यार्थियों को बैक पेपर परीक्षा देने के लिए वर्ष भर का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इससे छात्रों पर परीक्षा का दबाव कम होगा। कुलपति प्रो. पांडेय ने बताया कि यह प्रस्ताव एकेडमिक काउंसिल की बैठक से पास हो गया है। इसे अब कार्य परिषद में रखा जाएगा। जहां से मंजूरी मिलने के बाद इसे लागू किया जाएगा। बता दें कि इससे छात्र-छात्राओं को काफी राहत मिलेगी और उनका समय बर्बाद होने से बचेगा।

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### लविवि ने जारी किए 29 कोर्सों के परिणाम

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने सम सेमेस्टर परीक्षा 2023-24 के क्रम में शुक्रवार को 29 कोर्सों का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर विस्तृत परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। परीक्षा विभाग की ओर जिन कोर्सों के परिणाम जारी किए गए हैं उनमें बीकॉम ऑनर्स, बीवीए, एमए, एमपीए, बीपीए, बीएससी-एजी, एमए, बीए-योगा, एमएससी, एमए-योगा, पीजी डिप्लोमा योगा, एलएलबी तीन वर्ष और एमएससी के दूसरे, चौथे, छठे व आठवें सेमेस्टर की परीक्षा के परिणाम शामिल हैं। (संवाद)

### एलयू: 29 विषयों के रिजल्ट जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में सम सेमेस्टर परीक्षा 2024 के तहत स्नातक व परास्नातक स्तर के कई विषयों का रिजल्ट जारी किया गया है। परीक्षार्थी विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर रिजल्ट देख सकते हैं।

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि बीए एनईपी दूसरे, बीकॉम छठे, बीएससी कृषि ऑनर्स छठे और बीए या बीएससी योगा दूसरे, चौथे व छठे सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित किया गया है।

## JAGRAN CITY PAGE III

### लवि के पूर्व छात्र का प्रशासनिक अधिकारी पद पर चयन

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के सिविल इंजीनियरिंग 2021 बैच के छात्र शिवम सक्सेना का भारत सरकार की उपक्रम कंपनी 'द न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में प्रशासनिक अधिकारी के पद पर चयन हुआ है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शिवम को उनकी इस उत्कृष्ट सफलता पर बधाई दी। (जासं)



शिवम सक्सेना

## PIONEER PAGE 3

### एलयू ने बदला महिला अध्ययन संस्थान के कोर्स का नाम

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन संस्थान ने अपने मास्टर ऑफ आर्ट्स (एमए) इन वीमेन स्टडीज कार्यक्रम का नाम बदलकर मास्टर ऑफ आर्ट्स (एमए) इन वीमेन एंड जेंडर स्टडीज कर दिया है। यह बदलाव शैक्षणिक परिदृश्य में हो रहे विकास और समावेशिता और व्यापक शिक्षा के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। संशोधित कोर्स शीर्षक, एमए इन वीमेन एंड जेंडर स्टडीज, एक व्यापक दृष्टिकोण का संकेत देता है, जिसमें न केवल महिलाओं के मुद्दे शामिल हैं बल्कि लिंग के जटिल गतिशीलता भी शामिल हैं। इस बदलाव का उद्देश्य छात्रों को लिंग संबंधों, अंतरसंबंधिता, और लिंग स्पेक्ट्रम के विभिन्न अनुभवों की गहरी समझ प्रदान करना है।

### एलयू में दाखिले को लेकर सोशल मीडिया विवि की खूबियां गिना रहे डीन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

नमस्कार, मै डीन फैकल्टी आफ... हूं। फैकल्टी आफ... एशिया की सबसे बड़ी फैकल्टी है। जिसमें लगभग 32 डिपार्टमेंट व इंस्टीट्यूट हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय उत्तरप्रदेश का सबसे प्रतिष्ठित और हाईऐस्ट एक्रीडिटेशन के साथ कटेगरी वन में शामिल है। कटेगरी वन सरकार बहुत सीमित विश्वविद्यालयों को देती है। हमारा विश्वविद्यालय हाईएस्ट रेटेड विश्वविद्यालय है। फैकल्टी आफ... के तमाम प्रोफेसर विश्व बैंक, यूनाईटेड नेशंस तथा सरकार को सलाह देते रहते हैं। अगर आप इस विवि में प्रवेश लेते हैं और फैकल्टी आफ ... का हिस्सा बनते हैं तो आपको देश की प्रतिष्ठित फैकल्टी से पढ़ने का अवसर मिलेगा।

उपरोक्त पंक्तियां विवि के सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर उपलब्ध शार्ट रिल्स का हिस्सा हैं, जो आम जनमानस सहित छात्रों के बीच लखनऊ विश्वविद्यालय की लोकप्रियता बढ़ाने के लिए विवि प्रशासन की तरफ से अभिनव प्रयोग के रूप में मौजूद है। विवि की तरफ से यह प्रयोग सोशल मीडिया पर विवि के आधिकारिक एक्स हैंडल पर किया जा रहा है। जिसमें विवि के डीन विवि में दाखिला क्यों लें, से लेकर विवि की लोकप्रियता के बारे में आम जनमानस को रूबरू करा रहे हैं। शैक्षणिक सत्र 2024-25 के अंतर्गत वर्तमान में विवि के अंदर प्रवेश प्रक्रिया का दौर चल रहा है। ऐसे में मेधावी छात्रों को विवि का हिस्सा बनाने के लिए इस तरह का प्रयोग किया जा रहा है। इसके अंतर्गत विवि के प्रत्येक संकाय के डीन को विवि सहित अपने संकाय के बारे में आम जनमानस को जानकारी देनी होगी। जिससे अधिक से अधिक छात्र विवि की तरफ आकर्षित हो सकें। फिलहाल, शुक्रवार को विवि स्तर पर स्नातक प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन की समय सीमा समाप्त हो गयी है। लेकिन पीजी स्तर पर दाखिले को लेकर आवेदन प्रक्रिया अभी चल रही है। बता दें कि नैक से ए डबल प्लस की ग्रेडिंग के बाद विवि की तरफ से डिस्टेंस एजूकेशन प्रोग्राम के तहत इस सत्र से ऑनलाइन प्रोग्राम शुरू किया गया है। इसके साथ ही कई अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से ग्रेडिंग मिलने के साथ ही विवि का प्रयास है कि वह एशियाई देशों के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज कराये। इसको लेकर विवि की तरफ से कई अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक संस्थानों के साथ एमओयू भी किया गया है।

## SWATANTRA BHARAT PAGE 2

### एलयू छात्र का प्रशासनिक अधिकारी के पद पर चयन

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के सिविल इंजीनियरिंग2021 बैच के छात्र शिवम सक्सेना का भारत सरकार के उपक्रम द न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, जोकि भारत की एक प्रमुख पब्लिक सेक्टर जनरल बीमा कंपनी है, उसमें प्रशासनिक अधिकारी के पद पर चयन हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय और अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रो.एके सिंह ने शिवम को उनकी इस उत्कृष्ट सफलता पर बधाई दी। प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ.हिमांशु पांडेय ने बताया कि शिवम की इस उपलब्धि के साथ ही उनका चार राष्ट्रीयकृत बैंकों में भी विभिन्न पदों पर जिसमें (इंडियन बैंक में प्रोबेशनरी ऑफिसर के पद पर, इंडियन बैंक में कस्टमर सर्विस एसोसिएट के रूप में, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में जूनियर एसोसिएट के पद पर एवं क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में प्रोबेशनरी ऑफिसर के पद पर चयन हो चुका है। शिवम को द न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी में प्रशासनिक अधिकारी (रिस्क इंजीनियरिंग) के पद पर 15 लाख प्रतिवर्ष का पैकेज मिला है।

## AMRIT VICHAR PAGE 7

### लखनऊ विवि: शिवम बने प्रशासनिक अधिकारी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के सिविल इंजीनियरिंग, 2021 बैच के छात्र शिवम सक्सेना का द न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी में प्रशासनिक अधिकारी के पद पर 15 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर चयन हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने शिवम को उनकी इस उत्कृष्ट सफलता पर बधाई दी।

## THE PIONEER PAGE 3

### MA PROGRAMME RECHRISTENED

The Institute of Women's Studies at Lucknow University has announced the renaming of its MA in Women Studies programme to MA in Women and Gender Studies. "This change reflects the evolving academic landscape and our commitment to inclusivity and comprehensive education. The aim is to provide students with a deeper understanding of gender relations, intersectionality, and the diverse experiences of individuals across the gender spectrum," LU spokesperson Durgesh Srivastava said.